# DIGITAL RESOURCE CENTRE (DRC)

# CENTRAL LIBRARY

## PRESS CLIPPINGS

**1-31January**

## 2025

# CONTENT


| S No | Title | Author | Newspaper | Page No. | Date of Publication |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईएफटीएम में आपके करियर को अकार देने में इंटरशिप और प्रोजेक्ट्स की भूमिका विषय पर आयोजित हुआ बेविनार | | विधान केसरी | 6 | 03/01/2025 |
| 2. | डी पी जी एस  और आर एस एकेडमी ने जेता मुकाबले | | हिंदुस्तान | 7 | 03/01/2025 |
| 3. | क्रिकेट फैज़ के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने आरएस किलब को दिलाई जीत | | अमरउजाला | 8 | 03/01/2025 |
| 4. | डी पी जी एस ने रुक्मणि एकेडमी को चार विकेट से हराया | | दैनिक जागरण | 9 | 03/01/2025 |
| 5. | आईएफटीएम में आपके करियर को अकार देने में इंटरशिप और प्रोजेक्ट्स की भूमिका विषय पर आयोजित हुआ बेविनार | | शाह टाइम | 10 | 03/01/2025 |
| 6. | आईएफ़टीएम्  में गर्ल्स कंपनी एन सी सी आईएफ़टीएम् की और आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रियोगिता | | शाह टाइम | 11 | 03/01/2025 |
| 7. | आईएफ़टीएम्  में गर्ल्स कंपनी एन सी सी आईएफ़टीएम् की और आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रियोगिता | | विधान केसरी | 12 | 03/01/2025 |
| 8. | आईएफटीएम विश्व विधयालय में जरुरत मन्दो को वितरित किये गए कम्बल | | शाह टाइम | 13 | 15/01/2025 |
| 9. | आईएफटीएम विश्व विधयालय में जरुरत मन्दो को वितरित किये गए कम्बल | | विधान केसरी | 14 | 15/01/2025 |
| 10. | आईएफटीएम विश्व विधयालय में जरुरत मन्दो को वितरित किये गए कम्बल | | अमरउजाला | 15 | 15/01/2025 |
| 11. | स्टार्ट अप के क्षेत्र में मुरदाबादियो  का जलबा | | दैनिक जागरण | 16 | 18/01/2025 |
| 12. | राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस 2025 के अबसर पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन | | शाह टाइम | 17 | 18/01/2025 |
| 13. | राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस 2025 के अबसर | | युग वन्धु | 18 | 18/01/2025 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन | | | | |
| 14. | उधमिता के प्रति क्या जागरूक | | अमरउजाला | 19 | 18/01/25 |
| 15. | आईएफटीएम विश्व विधयालय में राष्टीय सड़क सुरक्षा महा मनाए जाने के अंतर्गत हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन | | शाह टाइम | 20 | |
| 16. | आईएफटीएम विश्व विधयालय में राष्टीय सड़क सुरक्षा महा मनाए जाने के अंतर्गत हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 21 | | युग वन्धु | 21 | 18/01/25 |
| 17. | आई एफ टी एम विश्विद्यालय की और से ग्राम इटायला माफ़ी में जरुरत मन्दो को बाटे गए कम्बल | | शाह टाइम | 22 | 22/1/25 |
| 18. | आई एफ टी एम विश्विद्यालय की और से ग्राम इटायला माफ़ी में जरुरत मन्दो को बाटे गए कम्बल | | युग वन्धु | 23 | 22/1/25 |
| 19. | आईएफटीएम में व्याख्यान का क्या गया आयोजन | | युग वन्धु | 24 | 22/1/25 |
| 20. | आईएफटीएम में हाउ टू मैनेज रेफरेन्सेस एन्ड राइट रिव्यू आर्टिकल विषय पर आयोजन हुई कार्यशाला | | विधान केसरी | 25 | 22/1/25 |
| 21. | विधार्थियो को टेक्नोलॉजी रेडीनेस की दी जानकारी | | अमरउजाला | 26 | 23/01/25 |
| 22. | आईएफटीएम में हाउ टू मैनेज रेफरेन्सेस एन्ड राइट रिव्यू आर्टिकल विषय पर आयोजन हुई कार्यशाला | | विधान केसरी | 27 | 23/01/25 |
| 23. | आईएफटीएम में व्याख्यान का क्या गया आयोजन | | शाह टाइम | 28 | 23/01/25 |
| 24. | आई एफ टी एम में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन | | शाह टाइम | 29 | 23/01/25 |
| 25. | आई एफ टी एम में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण | | विधान केसरी | 30 | 23/01/25 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | समारोह का हुआ आयोजन | | | | |
| 26. | आई एफ टी एम की और से जीवनी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | शाह टाइम | 31 | 23/01/25 |
| 27. | आई एफ टी एम की और से जीवनी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | शाह टाइम | 32 | 23/01/25 |
| 28. | आई एफ टी एम में उत्तर प्रदेश दिवस - २०२५ के उपलक्ष्य में हुआ संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन | | विधान केसरी | 33 | 23/01/25 |
| 29. | आई एफ टी एम में उत्तर प्रदेश दिवस - २०२५ के उपलक्ष्य में हुआ संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन | | विधान केसरी | 34 | 23/01/25 |
| 30. | आई एफटी एम विश्व विद्यालय में २/९ यू पी कंपनी गर्ल्स बटालियन एवं २/२४ यू पी कंपनी बटालियन एन सी सी आईएफटी एम क और से जीवनी लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | शाह टाइम | 35 | 23/01/25 |
| 31. | आई एफ टी एम में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन | | युग वन्धु | 36 | 23/01/25 |
| 32. | आई एफ टी एम में हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन<br>यातायात नियमो का पालन करना हमारी समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी : प्रो संजीव अग्रवाल | | विधान केसरी | 37 | 23/01/25 |
| 33. | आई एफ टी एम की और से ग्राम नगला बलवीर में जरुरतमंदो को बाटे कम्बल | | विधान केसरी | 38 | 23/01/25 |
| 34. | आई एफ टी एम में राष्टीय पर्यटन दिवस के अबसर पर हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियो गिता का आयोजन | | विधान केसरी | 39 | 23/01/25 |
| 35. | आई एफ टी एम में ७६ वे गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन कुलपति | | युग वन्धु | 40 | 28/01/25 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | राजीव कोठीवाल ने किया ध्वजरोहण | | | | |
| 36. | एक जुटता के साथ सभी करे कार्य : राजीव कोठीवाल | | हिंदुस्तान | 41 | 28/01/25 |
| 37. | आई एफ टी एम में ७६ वे गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन | | अमरउजाला | 42 | 28/01/25 |
| 38. | आई एफ टी एम विश्व विद्यालाय में व्यक्तित्व विकास विषय पर आयोजित हुआ वेबिनार | | | 43 | |
| 39. | आई एफ टी एम में २/९ कम्पनी यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी की ओर से नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन | | विधान केसरी | 44 | 28/01/25 |
| 40. | आई एफ टी एम में शिक्षा में सूचि प्रोधोगिक का महत्व विषय पर आयोजित हुआ अतिथि वयख्यान | | विधान केसरी | 45 | 28/01/25 |
| 41. | भाषण प्रतियोगिता में अनुज ने मरी बाजी | | अमरउजाला | 46 | 30/01/25 |
| 42. | पर्यावरण सरक्षण के लिए युवाओं को जागरक किया जाने की अतियंत आवश्यकता है आशुतोष चौहान | | विधान केसरी | 47 | 30/01/25 |
| 43. | पर्यावरण सरक्षण के लिए युवाओं को जागरक किया जाने की अतियंत आवश्यकता है आशुतोष चौहान | | शाह टाइम | 48 | 30/01/25 |
| 44. | फैक्ल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारभ्भ | | शाह टाइम | 49 | 30/01/25 |
| 45. | फैक्ल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विषयो विशेषज्ञों ने गुणवत्ता पूर्वक शोध पर दिया जोर | | विधान केसरी | 50 | 31/01/25 |
| 46. | फैक्ल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विषयो विशेषज्ञों ने गुणवत्ता पूर्वक शोध पर दिया जोर | | शाह टाइम | 51 | 31/01/25 |

विधान केसरी

# आईएफटीएम में आपके करियर को आकार देने में इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स की भूमिका विषय पर आयोजित हुआ वेबिनार



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के सहयोग से आपके करियर को आकार देने में इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स की भूमिका विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस वेबिनार में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व वर्तमान में डिक्सन टेक्नोलॉजीज लि०, नोएडा में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत श्री गौतम सागर मुख्य वक्ता के रूप में जूम लिंक के माध्यम से पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं से जुड़े। श्री सागर ने छात्र-छात्राओं को सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी करियर की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनियों में पॉलिटेक्निक के अलग-अलग ट्रेड में डिप्लोमा प्राप्त दक्ष कर्मचारियों की जरूरत बड़ी संख्या में बढ़ती जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि यदि आपके पास हुनर है, तो फिर नौकरी की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने वेबिनार के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमनस व मुख्य वक्ता श्री सागर की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं भी दीं। प्रो. त्रिवेदी ने इस वेबिनार को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायी बताते हुए यह भी कहा कि आगे भी हम इस तरह के आयोजन कराते रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र शिक्षण संस्थानों के लिए ब्रांड एंबेसडर की तरह होते हैं। आयोजन सचिव संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष नगीला, नीरज कुमार,अंकित अग्रवाल और अरविंद चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 04

# डीपीजीएस और आरएस एकेडमी ने जीते मुकाबले

मुरादाबाद। आईएफटीएम में आयोजित अंडर 19 क्रिकेट मुकाबलों में डीपीजीएस और आरएस एकेडमी ने अपने मुकाबले जीते। कुल दो मैच गुरुवार को आयोजित किए गए। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि लीग में रोमांचक मुकाबले अभी और देखने को मिलेंगे। पहले मैच में रुक्मणि ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बनाए ।

अमर उजाला

मुरादाबाद | शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 | 6

# क्रिकेट : फैज के ऑलराउंड प्रदर्शन ने आरएस क्लब को दिलाई जीत

## अंडर-19 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में खेले गए दो मैच, दूसरे मैच में डीपीजीएस एकेडमी जीती

अमर उजाला ब्यूरो



प्लेयर ऑफ द मैच को सम्मानित करते कोच। स्रोत : आयोजक

**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में बृहस्पतिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में आरएस क्लब ने एसआरएस एकेडमी को हराया। दूसरे मैच में डीपीजीएस एकेडमी ने रुक्मणी एकेडमी के खिलाफ जीत हासिल की। दोनों मुकाबले आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर खेले गए।

पहले मैच में आरएस क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 106 रन बनाए। मोहम्मद अरीब ने सर्वाधिक 32 व फैज मोहम्मद ने 26 रन का योगदान किया। एसआरएस एकेडमी के लिए गेंदबाज़ी में संजू सैनी ने तीन व विश्वजीत वर्मा ने दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएस क्रिकेट एकेडमी मात्र 61 रन बनाकर ढेर गई। टीम के लिए अर्पित ठाकुर ने 26 व समर्थ रस्तोगी ने 19 रन बनाए। आरएस क्लब के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद जमी व फैज मोहम्मद ने तीन-तीन विकेट चटकाए। अंश गौतम ने दो विकेट लिए। इस तरह यह मैच आरएस क्लब ने 45 रन से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच फैज मोहम्मद को चुना गया।

दूसरे मैच में डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर फील्डिंग की। रुक्मणी एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए। टीम के लिए देव पैसल ने 24 व शिवम गुप्ता ने 18 रन बनाए। डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी के लिए गेंदबाजी में मेहराज, वसीम और जीशान नजीर ने दो-दो विकेट लिए।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी ने 16.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद कैफ ने सर्वाधिक 58 रन की पारी खेली। लक्ष्य मिश्रा ने 22 रन बनाए। रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी के लिए गेंदबाजी में कृष्णा यादव ने दो, तहजीब, मोम्मद अरीब और मोहम्मद उस्मान ने एक-एक विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद कैफ को चुना गया। यह मैच डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी ने चार विकेट से जीत लिया।

अंपायर की भूमिका में सतेंद्र कुमार और शमशाद अल्वी रहे। स्कोरिंग चंद्रप्रताप ने की। मैच के दौरान पूर्व रणजी खिलाड़ी व यूपीसीए के निदेशक विजय गुप्ता, संयुक्त सचिव नितिन गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, आईएफटीएम के खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, मोहम्मद हसीन, जेपी सिंह, नजाकत अली, जमाल पाशा आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण मुरादाबाद, 3 जनवरी, 2025

# डीपीजीएस ने रुक्मणी एकेडमी को चार विकेट से हराया

- टीम के लिए मेहराज, वसीम और जिशान नजीर ने 2-2 विकेट लिए, कैफ ने जड़ा अर्धशतक
- आरएसडी ने एसआरएस क्रिकेट एकेडमी को गेंदबाजों के दम पर हराया

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : आइएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रही क्रिकेट लीग में गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में डीपीजीएस के गेंदबाजों का दबदबा रहा। टीम ने रुक्मणी एकेडमी को चार विकेट से मात दी। टीम के लिए बल्लेबाज मो कैफ ने शानदार 58 रनों की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं दूसरा मैच आरएसडी एकेडमी ने एसआरएस क्रिकेट एकेडमी को 45 रनों से मात दी। टीम के लिए मोहम्मद जमी और फैज मोहम्मद ने तीन-तीन विकेट लिए।

पहला मैच रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी और डीपीजीएस के बीच खेला गया। जिसमें डीपीजीएस ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। इस फैसले को टीम के गेंदबाजों ने बिल्कुल सही साबित कर दिया। रुक्मणी क्रिकेट टीम निर्धारित 20 ओवर में कुल 125 रन ही बना पाई। टीम के लिए देव पैसल ने 24, शिवम गुप्ता ने 18 रन बनाए। डीपीजीएस के लिए गेंदबाजी में मेहराज, वसीम और जिशान नजीर ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी ने 16.3 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए मोहम्मद कैफ ने 58, लक्ष्य मिश्रा ने 22 रन बनाये। रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी के लिए गेंदबाजी में कृष्णा यादव ने 2 और तहजीब, मोहम्मद अरीब और मोहम्मद उस्मान ने 1-1 विकेट लिया। मैन आफ द मैच मोहम्मद कैफ को चुना गया।



मैन आफ द मैच खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथि • सौ. आयोजक

दूसरा मैच आरएसडी एकेडमी और एसआरएस क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें आरएसडी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 106 रन बनाये। टीम के लिए मोहम्मद अरीब ने 32 व फैज मोहम्मद ने 26 रन बनाए। एसआरएस के लिए संजू सैनी ने तीन और विश्वजीत वर्मा ने 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएस क्रिकेट एकेडमी मात्र 61 रन बनाकर आल आउट हो गई। टीम के लिए अर्पित ठाकुर ने 26 व समर्थ रस्तोगी ने 19 रन बनाये। आरएसडी के लिए मोहम्मद जमी और फैज मोहम्मद ने तीन-तीन व अंश गौतम ने दो विकेट लिए। इस तरह यह मैच आरएसडी ने 45 रन से जीत लिया। मैन आफ द मैच फैज मोहम्मद को चुना गया।

अंपायर की भूमिका में सर्तेंद्र कुमार और शमशाद अल्वी व स्कोरर चंद्रप्रताप रहे। मैच के दौरान पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, ज्वाइन सेकेट्री नितिन गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, खेल निर्देशक डा. वेभव त्रिवेदी, वित्त अधिकारी डा. कुशल पाल सिंह, मोहम्मद हसीन, जेपी सिंह, नजाकत अली, जमाल पाशा, मोहम्मद अनवर आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'आपके करियर को आकार देने में इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स की भूमिका' विषय पर आयोजित हुआ वेबिनार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के सहयोग से ''आपके करियर को आकार देने में इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स की भूमिका'' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस वेबिनार में विश्व. विद्यालय के पूर्व छात्र व वर्तमान में डिक्सन टेक्नोलॉजीज लि०, नोएडा में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत श्री गौतम सागर मुख्य वक्ता के रूप में जूम लिंक के माध्यम से पॉलिटेक्निक के छात्र–छात्राओं से जुड़े। श्री सागर ने छात्र–छात्राओं को सरकारी क्षेत्र के साथ–साथ निजी क्षेत्र में भी करियर की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनियों में




श्री गौतम सागर

पॉलिटेक्निक के अलग–अलग ट्रेड में डिप्लोमा प्राप्त दक्ष कर्मचारियों की जरूरत बड़ी संख्या में बढ़ती जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि यदि आपके पास हुनर है, तो फिर नौकरी की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने वेबिनार के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमनस व मुख्य वक्ता श्री सागर की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं भी दीं। प्रो. त्रिवेदी ने इस वेबिनार को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायी बताते हुए यह भी कहा कि आगे भी हम इस तरह के आयोजन कराते रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र शिक्षण संस्थानों के लिए ब्रांड एंबेसडर की तरह होते हैं। आयोजन सचिव संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष नगीला, नीरज कुमार, अंकित अग्रवाल और अरविंद चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम में गर्ल्स कंपनी एनसीसी, आईएफटीएम की ओर से आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में 1/9 गर्ल्स कंपनी एनसीसी, आईएफ टीएम की ओर से 'सड़क सुरक्षा जागरूकता' अभियान के तहत ''सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सड़क पर निकलने से पहले सभी नागरिकों को उनकी सुरक्षा हेतु सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा के अलावा एनसीसी की कैडेट्स की जन सेवा के प्रति कार्यक्रमों में विशेष भूमिका रहती है। इस प्रतियोगिता में जिसमें 48 एनसीसी की कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी-पीसीएम, द्वितीय वर्ष की छात्रा



पल्लवी प्रेमी एवं दिव्यांशी संयुक्त रूप से प्रथम, बी.एससी-पीसीएम, द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी वर्मा ने द्वितीय तथा बी.एससी-पीसीएम, द्वितीय वर्ष की छात्रा भूमि शर्मा और बीए, प्रथम वर्ष की एल्विन सैफी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका व एनसीसी की मेजर (प्रो.) राजकुमारी सिंह ने विजेता कैडेट्स की सराहना करते हुए सभी एनसीसी की कैडेट्स का उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एनसीसी की केयर टेकर व आयोजन सचिव सुश्री रश्मि पाण्डेय की विशेष भूमिका रही।

# आईएफटीएम की ओर से आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में 1/9 गर्ल्स कंपनी एनसीसी, आईएफटीएम की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सड़क पर निकलने से पहले सभी नागरिकों को उनकी सुरक्षा हेतु सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा के अलावा एनसीसी की कैडेट्स की जन सेवा के प्रति कार्यक्रमों में विशेष भूमिका रहती है। इस प्रतियोगिता में जिसमें 48 एनसीसी की कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी-पीसीएम, द्वितीय वर्ष की छात्रा पल्लवी प्रेमी एवं दिव्यांशी संयुक्त रूप से प्रथम, बी.एससी-पीसीएम, द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी वर्मा ने द्वितीय तथा बी.एससी-पीसीएम, द्वितीय वर्ष की छात्रा भूमि शर्मा और बीए, प्रथम वर्ष की एल्विन सैफी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका व एनसीसी की मेजर (प्रो.) राजकुमारी सिंह ने विजेता कैडेट्स की सराहना करते हुए सभी एनसीसी की कैडेट्स का उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एनसीसी की केयर टेकर व आयोजन सचिव सुश्री रश्मि पाण्डेय की विशेष भूमिका रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में जरूरत मंदों को वितरित किए गए कम्बल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा समीपस्थ ग्रामों के जरूरतमंद लोगों के लिए कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, विश्वविद्यालय कार्य कारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा 1200 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि सभी कर्मचारी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य हैं तथा इन सभी के सुख-दुख में कदम मिलाकर चलना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों को चिंतामुक्त होकर पूरे मनोयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सर्दी से बचाव हेतु कम्बल वितरण के अलावा विश्वविद्यालय परिसर में ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्डों एवं कर्मचारियों के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती ठंड में कम्बलों का वितरण जरुरतमंदों के लिए काफी राहत प्रदान करेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरूण कुमार मिश्र समेत विश्व विद्यालय के अधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक और भारी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।



किया गया है यह टिमिट के छात्रों के लिए महारत हासिल करने के लिये सर्वोत्तम लेन चाहिए। कौशिक एवं अर्पित कौशिक का विशेष सहयोग रहा।

# आईएफटीईएम विश्वविद्यालय में जरूरतमंदों को वितरित किए गए कम्बल

**सनेश ठाकुर**

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भाँति विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा समीपस्थ ग्रामों के जरूरतमंद लोगों के लिए कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, विश्वविद्यालय कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा 1200 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि सभी कर्मचारी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य हैं तथा इन सभी के सुख-दुख में कदम मिलाकर चलना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों को चिंतामुक्त होकर पूरे मनोयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सर्दी से बचाव हेतु कम्बल वितरण के अलावा विश्वविद्यालय परिसर में ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्डों एवं कर्मचारियों के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती ठंड में कम्बलों का वितरण जरुरतमंदों के लिए काफी राहत प्रदान करेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिन्स्ट्रिेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अरूण कुमार मिश्र समेत विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक और भारी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।



## कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर, जनपद-बिजनौर

पत्रांकः- 590/न०प०सह0/2024-25 दिनांक :- 10 जनवरी, 2025

**-: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना ::-**

नगर पंचायत सहसपुर, जनपद-बिजनौर में पं० दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत

अमर उजाला

मुरादाबाद | बुधवार, 15 जनवरी 2025 7

# जरूरतमंदों को बांटे कंबल



आईएफटीएम में जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। स्रोत : विवि

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में कर्मचारियों और पास के गांवों के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कुलाधिपति राजीव कोठीवाल, विवि कार्यकारिणी सदस्य मंजू कोठीवाल, कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने कंबल बांटे। कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने कहा कि सभी कर्मचारी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य हैं और इन सभी के सुख-दुख में कदम मिलाकर चलना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान प्रो. संजीव अग्रवाल, डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रो. राहुल कुमार मिश्रा आदि रहे। ब्यूरो

# स्टार्टअप के क्षेत्र में मुरादाबादियों का जलवा

**दिवस विशेष**

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। स्टार्टअप के क्षेत्र में मुरादाबादियों ने धमाल मचा कर रख दिया है। हर ओर यहां के युवाओं की प्रतिभा को सराहा जा रहा है। स्टार्टअप के क्षेत्र में यहां के युवाओं में जितना उत्साह देखा जा रहा है, उतना ही उत्साह के यहां के संस्थानों में दिख रहा है। इन्क्यूबेटेड सेंटरों में बेहतरीन सुविधाएं स्टार्टअप के क्षेत्र में धमाल मचाने की नींव को मजबूत कर रहे हैं।

मुरादाबाद ने स्टार्टअप के क्षेत्र में अपनी दावेदारी मजबूती से दिखा दी है। एमआईटी के छात्र रहे धनंजय भारद्वाज ने पार्क मेट के जरिये देश के बड़े शहरों में नाम कमा लिया। आज पार्किंग की समस्याओं को लेकर उनका स्टार्टअप बड़ी और मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। बता दें कि स्टार्टअप के क्षेत्र में बढ़ते कदम से लगातार देश की स्थिति भी मजबूत हो रही है। तकनीकी सलाहकारों का मानना है कि यहां की स्थिति और भी बेहतर हो सकती है। युवाओं के दम पर ही भारत ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 39वां स्थान हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता देश में नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में किए गए सकारात्मक प्रयासों का ही परिणाम है। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी, एमआईटी

## 60 करोड़ की वैल्यूएशन तक पहुंच गया पार्क मेट



पार्कमेट पार्किंग की समस्याओं को लेकर बनाया गया ऐसा स्टार्टअप है, जिसने बड़े शहरों में धमाल मचा दिया। स्टार्टअप के फाउंडर रामगंगा विहार निवासी धनंजय भारद्वाज ने बताया कि 2011 में एमआईटी से बीटेक करने के बाद सर्विस में आ गया था, लेकिन बाद में लगा कि कुछ नया और बेहतर करना चाहिए। इसके बाद 2021 में स्टार्टअप शुरू किया। पार्टनर अभिमन्यु सिंह और धनंजय ने स्टार्टअप को लेकर कड़ी मेहनत शुरू कर दी। आज यह स्टार्टअप 60 करोड़ की वैल्यूएशन तक पहुंच गया है। धनंजय ने बताया कि टर्नओवर 12.5 करोड़ के करीब है।

## आंचल ने एक्सपोर्ट में कदम रख भरी कामयाबी की उड़ान



पीतल नगरी निवासी आंचल भटनागर ने एमबीए के बाद स्टार्टअप के क्षेत्र में कदम रखा। एक्सपोर्ट में हाथ आजमाने वाली आंचल को डोमेस्टिक में काफी अच्छा रिस्पांस मिलने लगा। कुछ ही दिन के अंदर उनके स्टार्टअप को ऊंचाइयां मिलने लगी। आज उनकी स्टार्टअप की वैल्यूएशन 50 लाख से ऊपर पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि टीएमयू में एमबीए थर्ड सेमेस्टर के दौरान ही स्टार्टअप शुरू कर दिया था। वहां के सीनियर्स ने इसको लेकर काफी मदद भी की।



युवाओं की स्टार्टअप के क्षेत्र में उनकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार हैं, इससे अच्छा समय फिर कभी युवाओं को नहीं मिल सकता। भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत नवाचार केंद्र बन सकता है। मैं 24 घंटे इस दिशा में युवाओं की सहायता के लिए उपलब्ध हूं।

**-आलोक पांडेय**, तकनीकी सलाहकार



टीएमयू का पूरा प्रयास है कि यहां के स्टार्टअप को इस तरह मजबूत किया जाए, जिससे देश-विदेश में नाम रोशन हो सके। सभी के विचारों पर प्रकोष्ट बेहतर काम भी कर रही है।

**-प्रो. एमपी सिंह**, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय



युवाओं को बेहतर मौका देने के लिए अटल इन्क्यूबेशन सेंटर से करार किया है। 2.5 करोड़ की यूपीआईटी भी मिल रही है। हमारा लक्ष्य यही है कि नवाचारों को ज्यादा से ज्यादा प्रमोट कर युवाओं को सशक्त बनाएं।

**-प्रो. वैभव त्रिवेदी**, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी



एमआईटी वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्यूबेशन के तर्ज पर तेजी से काम कर रहा है। स्टार्टअप को लेकर सभी रिक्वायरमेंट पूरी कर ली गई है। 10 स्टार्टअप शुरू कर चार को रजिस्टर्ड किया है। स्मार्ट सिटी को लेकर स्टार्टअप तैयार हो रहा है।

**-प्रो. राजुल मिश्रा**, हेड, इनोवेशन सेंटर, एमआईटी

# 'राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस- 2025' के अवसर पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ''राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस-2025'' मनाने के उपलक्ष्य में आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यूपी स्टार्ट-अप नीति के अनुसार विश्वविद्यालय में एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम विकसित करना व स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न आवश्यक पहलुओं पर चर्चा करना इस संगोष्ठी का उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल समापन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह दिन भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने और देश में नवाचार व उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सीईओ प्रो. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन के बाद किसी भी होनहार स्टार्ट-अप को इनक्यूबेट करने तथा पंजीकरण हेतु आगे प्रेषित किया जाता है। उन्होंने इनक्यूबेशन सेंटर के प्रशिक्षित मेंटरों के माध्यम से स्टार्ट-अप को सभी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने की बात कहने के साथ ही मौजूदा स्टार्ट-अप के माध्यम से धन जुटाने पर भी जोर दिया।



इस मौके पर आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सीओओ प्रो. अरुण कुमार मिश्र, इनक्यूबेशन मैनेजर डॉ. अतनु नाग, डिप्टी इनक्यूबेशन मैनेजर श्री हरप्रीत सिंह चावला, आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के विभिन्न इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप के प्रमोटर और विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के आकांक्षी विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में सभी उपस्थितों ने अत्यंत रूचि एवं उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस-2025 के अवसर पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस-2025 मनाने के उपलक्ष्य में आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यूपी स्टार्ट-अप नीति के अनुसार विश्वविद्यालय में एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम विकसित करना व स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न आवश्यक पहलुओं पर चर्चा करना इस संगोष्ठी का उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल समापन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह दिन भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने और देश में नवाचार व उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सीईओ प्रो. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन के बाद किसी भी होनहार स्टार्ट-अप को इनक्यूबेट करने तथा पंजीकरण हेतु आगे प्रेषित किया जाता है। उन्होंने इनक्यूबेशन सेंटर के प्रशिक्षित मेंटरों के माध्यम से स्टार्ट-अप को सभी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने की बात कहने के साथ ही मौजूदा स्टार्ट-अप के माध्यम से धन जुटाने पर भी जोर दिया। इस मौके पर आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सीओओ प्रो. अरुण कुमार मिश्र, इनक्यूबेशन मैनेजर डॉ. अतनु नाग, डिप्टी इनक्यूबेशन मैनेजर श्री हरप्रीत सिंह चावला, आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन के विभिन्न इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप के प्रमोटर और विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के आकांक्षी विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में सभी उपस्थितों ने अत्यंत रूचि एवं उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। एजेंसी

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | शनिवार, 18 जनवरी 2025
7

# उद्यमिता के प्रति किया जागरूक



आईएफटीएम में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथि। स्रोत : विवि

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस- 025 के उपलक्ष्य में आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि यह दिन भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने और देश में नवाचार व उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। फाउंडेशन के सीईओ प्रो. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन के बाद किसी भी होनहार स्टार्टअप को इनक्यूबेट करने तथा पंजीकरण के लिए आगे प्रेषित किया जाता है। इस दौरान प्रो. अरुण कुमार मिश्र, डॉ. अतनु नाग, हरप्रीत सिंह चावला आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' मनाए जाने के अंतर्गत हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' मनाए जाने के अंतर्गत "अलर्ट टूडे अलाईव टुमारो" थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा हेतु हम सभी को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों का पालन करने के उद्देश्य से आयोजित इस भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीबीए, अन्तिम वर्ष की



छात्रा हलीमा सुभानी ने प्रथम व एमबीए, प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा दिए गए भाषण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वाहन चलाते समय यातायात नियमों के प्रति जागरूकता ही हमें सुरक्षित रख सकती है। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की सदस्या डॉ. निधि चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के अन्य फैकल्टी मेम्बर्स सुश्री ज्योति सिंह, श्री अक्षय शर्मा, श्री मोहित कुमार, डॉ. अर्चना कटारिया, सुश्री मोनिका चौहान आदि उपस्थित रहे। इस भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के अंतर्गत हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के अंतर्गत अलर्ट टूडे अलाईव टुमारो थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा हेतु हम सभी को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों का पालन करने के उद्देश्य से आयोजित इस भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीबीए, अन्तिम वर्ष की छात्रा हलीमा सुभानी ने प्रथम व एमबीए, प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी चैधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा दिए गए भाषण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वाहन चलाते समय यातायात नियमों के प्रति जागरूकता ही हमें सुरक्षित रख सकती है। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की सदस्या डॉ. निधि चैधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के अन्य फैकल्टी मेम्बर्स सुश्री ज्योति सिंह, श्री अक्षय शर्मा, श्री मोहित कुमार, डॉ. अर्चना कटारिया, सुश्री मोनिका चैहान आदि उपस्थित रहे। इस भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की ओर से ग्राम इटायला माफी में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए ग्रामों में से ग्राम इटायला माफी में जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय गोद लिए गए ग्रामों के सतत एवं सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव मदद करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने यह भी बताया कि विगत कई वर्षों से विश्वविद्यालय की ओर से इन गांवों में इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु सैनिटरी पैड्स का वितरण शामिल है। साथ ही किसानों की समस्याओं के निदान हेतु विश्वविद्यालय की ओर से समय-समय पर किसान गोष्ठियों का आयोजन तथा उन्नत बीजों जैसे धान, गेहूं, सरसों आदि का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा इकाई (एनएसएस) के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहने का आश्वासन भी दिया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान 125 कंबल वितरित किए गए। वि0

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय की ओर से ग्राम इटायला माफी में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए ग्रामों में से ग्राम इटायला माफी में जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव



अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय गोद लिए गए ग्रामों के सतत एवं सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव मदद करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने यह भी बताया कि विगत कई वर्षों से विश्वविद्यालय की ओर से इन गांवों में इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु सैनिटरी पैड्स का वितरण शामिल है। साथ ही किसानों की समस्याओं के निदान हेतु विश्वविद्यालय की ओर से समय-समय पर किसान गोष्ठियों का आयोजन तथा उन्नत बीजों जैसे धान, गेहूं, सरसों आदि का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा इकाई (एनएसएस) के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी. के. सिंह एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहने का आश्वासन भी दिया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान 125 कंबल वितरित किए गए।

# आईएफटीएम में व्याख्यान का किया गया आयोजन



मुरादाबाद (विधान केसरी)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फामेर्सी संकाय द्वारा इंस्टीट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) सेल के सहयोग से एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेषज्ञ व्याख्यान का शीर्षक नवाचार विकास की प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल): प्रयोगशाला प्रौद्योगिकियों और तकनीकी-हस्तांतरण का व्यवसायीकरण रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वक्ता व गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार में डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में इनोवेशन डेवलपमेंट के बारे में बताते हुए कहा कि इस तकनीक से हम किसी समस्या भी समस्या का समाधान करते हुए नए विचार या उत्पादों को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने टेक्नोलॉजी रेडीनेस का मतलब समझाते हुए बताया कि इसका उपयोग किसी तकनीक के विकास की अवस्था का मूल्यांकन करने के लिए किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा एक संस्था जैसे कि विश्वविद्यालय अपने अनुसंधान के विकास के परिणाम स्वरूप उत्पन्न हुई तकनीक को उद्योग या अन्य संगठनों को स्थानांतरित कर सकती है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व फामेर्सी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य वक्ता डॉ. कुमार का स्वागत किया। प्रो. वर्मा ने व्याख्यान के विषय पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ये तकनीक न केवल प्रयोगशाला में बल्कि वास्तविक दुनिया में भी लाभकारी साबित हो सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अनुसंधान के परिणामों को बाजार में लेकर आने व उन्हें व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार करने में यह प्रक्रिया एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के संयोजक व साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फामेर्सी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप के माध्यम से अपने नवीन विचारों को प्रयोगशाला से बाजार तक लाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान आईईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने भी अपना वक्तव्य दिया। कार्यशाला के अंत में आयोजन सचिव व स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। फामेर्सी संकाय की डॉ. श्वेता वर्मा ने मंच का संचालन किया। इस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के फैकल्टी मेंबर्स तथा 60 से अधिक शोधार्थी उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में हाउ टू मैनेज रेफरेन्सेस एंड राइट रिव्यु आर्टिकल विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के संयूक्त तत्वावधान में हाउ टू मैनेज रेफरेन्सेस एंड राइट रिव्यु आर्टिकल विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के बी.टेक.,बायोटेक्नोलॉजी कोर्स (2003-2007) बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलॉग, मेघालय में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर (डॉ.) नितिन सहाय मुख्य वक्ता के रूप में रहे। मुख्य वक्ता डॉ. सहाय ने अपने वक्तव्य में कहा कि रेफरेन्सेस मैनेजमेंट में उपयोग होने वाले सॉफ्टवेयर टूल्स एवं साइटेशन जनरेशन की विशेष महत्ता है। डॉ. सहाय ने यह भी कहा कि बदलते दौर में शोध अध्ययन में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने पूर्व में किए गए शोध अध्ययन का डाटा प्रयोग करने से पहले निर्धारित बिंदुओं पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. तंजील अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. सहाय को विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक-चिन्ह भेंट किया। प्रो. अहमद ने कार्यशाला के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमनस व मुख्य वक्ता डॉ. नितिन सहाय की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया व उन्हें कार्यशाला में उपलब्ध कराई गई जानकारियों को आत्मसात करने की सलाह भी दी। कार्यशाला के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. उत्कर्ष त्यागी, संयोजिका मिस कंचन लखेरा की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सह अध्यक्ष व बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 23 जनवरी 2025
6

# विद्यार्थियों को टेक्नोलॉजी रेडीनेस की दी जानकारी



आईएफटीईएम में अतिथि को सम्मानित करते हुए। स्रोत : विवि

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) सेल के सहयोग से एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। नवाचार विकास की प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल) : प्रयोगशाला प्रौद्योगिकियों और तकनीकी-हस्तांतरण का व्यवसायीकरण कार्यक्रम का विषय रहा। मुख्य वक्ता व गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार में डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि इस तकनीक से हम किसी समस्या भी समस्या का समाधान करते हुए नए विचार या उत्पादों को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने टेक्नोलॉजी रेडीनेस का मतलब समझाते हुए बताया कि इसका उपयोग किसी तकनीक के विकास की अवस्था का मूल्यांकन करने के लिए किया जा सकता है। ब्यूरो

# आईएफटीएम में 'हाउ टू मैनेज रेफरेन्सेस एंड राइट रिव्यु आर्टिकल' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई


डॉ. नितिन सहाय

एसोसिएशन (आईयूएए) एवं स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में "हाउ टू मैनेज रेफरेन्सेस एंड राइट रिव्यु आर्टिकल" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला में विश्व विद्यालय के बी.टेक. ,बायोटेक्नोलॉजी कोर्स (2003-2007) बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में 'नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलॉग, मेघालय में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर (डॉ.) नितिन सहाय मुख्य वक्ता के रूप में रहे। मुख्य वक्ता डॉ. सहाय ने अपने वक्तव्य में कहा कि रेफरेन्सेस मैनेजमेंट में उपयोग होने वाले सॉफ्टवेयर टूल्स एवं साइटेशन जनरेशन की विशेष महत्ता है। डॉ. सहाय ने यह भी कहा कि बदलते दौर में शोध अध्ययन में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने पूर्व में किए गए शोध अध्ययन का डाटा प्रयोग करने से पहले निर्धारित बिंदुओं पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. तंजील अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. सहाय को विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक-चिन्ह भेंट किया। प्रो. अहमद ने कार्यशाला के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमनस व मुख्य वक्ता डॉ. नितिन सहाय की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया व उन्हें कार्यशाला में उपलब्ध कराई गई जानकारियों को आत्मसात् करने की सलाह भी दी। कार्यशाला के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. उत्कर्ष त्यागी, संयोजिका मिस कंचन लखेरा की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सह अध्यक्ष व बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम में हुआ व्याख्यान का आयोजन

## नवाचार विकास की प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल): प्रयोगशाला प्रौद्योगिकियों और तकनीकी हस्तांतरण का व्यवसायी करण रहा व्याख्यान का शीर्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा इंस्टीट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) सेल के सहयोग से एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेषज्ञ व्याख्यान का शीर्षक ''नवाचार विकास की प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल): प्रयोगशाला प्रौद्योगिकियों और तकनीकी- हस्तांतरण का व्यवसायीकरण" रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वक्ता व गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार में डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में इनोवेशन डेवलपमेंट के बारे में बताते हुए कहा कि इस तकनीक से हम किसी समस्या भी समस्या का समाधान करते हुए नए विचार या उत्पादों को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने टेक्नोलॉजी रेडीनेस का मतलब समझाते हुए बताया कि




इसका उपयोग किसी तकनीक के विकास की अवस्था का मूल्यांकन करने के लिए किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा एक संस्था जैसे कि विश्व. विद्यालय अपने अनुसंधान के विकास के परिणाम स्वरूप उत्पन्न हुई तकनीक को उद्योग या अन्य संगठनों को स्थानांतरित कर सकती है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य वक्ता डॉ. कुमार का स्वागत किया। प्रो. वर्मा ने व्याख्यान के विषय पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ये तकनीक न केवल प्रयोगशाला में बल्कि वास्तविक दुनिया में भी लाभकारी साबित हो सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अनुसंधान के परिणामों को बाजार में लेकर आने व उन्हें व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार करने में यह प्रक्रिया एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम के संयोजक व साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप के माध्यम से अपने नवीन विचारों को प्रयोगशाला से बाजार तक लाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान आईईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने भी अपना वक्तव्य दिया। कार्यशाला के अंत में आयोजन सचिव व स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. सुशील कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। फार्मेसी संकाय की डॉ. श्वेता वर्मा ने मंच का संचालन किया। इस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के फैकल्टी मेंबर्स तथा 60 से अधिक शोधार्थी उपस्थित रहे।

विधान केसरी मुराद

# आईएफटीएम में सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से गत वर्ष की भांति नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोग सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का महत्त्व समझें और इनका पूर्णरूप से पालन करें। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक करने की दृष्टि से आयोजित मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह में 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सह समन्वयक व अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने सभी को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न चलाने देने हेतु शपथ दिलाई। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करके वाहन दुघर्टनाओं पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने मानव श्रृंखला समारोह में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का भारत की स्वतंत्रता में दिए गए योगदान को साझा करते हुए उनकी अमरता व भारत माता की जय के नारे भी लगवाये।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार, चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरप्रीत सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, आयोजक डॉ. अशोक कुमार, सह आयोजिका श्रीमती रुचि चैधरी समेत श्री दीपक शर्मा आदि अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला

# सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से गत वर्ष की भांति नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोग सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का महत्त्व समझें और इनका पूर्णरूप से पालन करें। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक करने की दृष्टि से आयोजित मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह में 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सह समन्वयक व अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने सभी को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने,



वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न चलाने देने हेतु शपथ दिलाई। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करके वाहन दुर्घटनाओं पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने मानव श्रृंखला समारोह में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का भारत की स्वतंत्रता में दिए गए योगदान को साझा करते हुए उनकी अमरता व भारत माता की जय के नारे भी लगवाये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निद. शक प्रो. मनोज कुमार, चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरप्रीत सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, आयोजक डॉ. अशोक कुमार, सह आयोजि. का श्रीमती रुचि चौधरी समेत श्री दीपक शर्मा आदि अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 2/9 यूपी कम्पनी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 यूपी कम्पनी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी

# आईएफटीएम की ओर से 'जीवनी लेखन प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में **2/9** यूपी कम्पनी गर्ल्स बटालियन एवं **2/24** यूपी कम्पनी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर ''जीवनी लेखन प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि नेता जी का जीवन भारत को आजाद कराने के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के **63** विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए-एलएलबी, द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी प्रथम, एम.एससी-मैथमेटिक्स, प्रथम वर्ष



की छात्रा ऐश्वर्या द्वितीय तथा बीए, प्रथम वर्ष के हर्षित बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा व एनसीसी की मेजर प्रो. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आजीवन देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को नेता जी के अनुकरणीय योगदान का बोध करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन सचिव व एनसीसी केयर टेकर सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं संयोजक व एनसीसी केयर टेकर शनि कुमार की विशेष भूमिका रही।

# आईएफटीएम की ओर से जीवनी लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में 2/9 यूपी कम्पनी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 यूपी कम्पनी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर जीवनी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि नेता जी का जीवन भारत को आजाद कराने के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 63 विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए-एलएलबी, द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी प्रथम, एम.एससी-मैथमेटिक्स, प्रथम वर्ष की छात्रा ऐश्वर्या द्वितीय तथा बीए, प्रथम वर्ष के हर्षित बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा व एनसीसी की मेजर प्रो. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आजीवन देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को नेता जी के अनुकरणीय योगदान का बोध करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन सचिव व एनसीसी केयर टेकर सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं संयोजक व एनसीसी केयर टेकर शनि कुमार की विशेष भूमिका रही।

विधान केसरी मुरादाबा

# आईएफटीएम में उत्तर प्रदेश दिवस–2025 के उपलक्ष्य में हुआ संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन





**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देश के अनुपालन में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के 46 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और रूचि के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी, एग्रीकल्चर, तृतीय वर्ष के छात्र राम ओझा ने प्रथम, बी.एससी, एग्रीकल्चर, प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों मोनू सैनी ने द्वितीय स्थान तथा छात्रा दीक्षा गंगवार और अनुष्का चौधरी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों समेत अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई ही। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और प्रगतिशीलता पर विचार करने के साथ ही हमें हमारे दायित्वों के प्रति भी प्रेरित करता है। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और उनके विचारों को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राज्य की प्राचीन परंपराओं और आधुनिक उपलब्धियों के बीच एक संतुलन स्थापित करते हुए भविष्य की चुनौतियों का समाधान करने में अपनी भूमिका निभाने की सलाह भी दी। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. वीरेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समझ को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और बौद्धिक क्षमता को भी सशक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक व एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल, आयोजन सचिव डॉ. अक्षिता बिष्ट एवं डॉ. आंचल सिंह समेत स्कूल के अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'उत्तर प्रदेश दिवस-2025' के उपलक्ष्य में हुआ संगोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देश के अनुपालन में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग में 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस' के अवसर पर "विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश" थीम पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के 46 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और रूचि के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी, एग्रीकल्चर, तृतीय वर्ष के छात्र राम ओझा ने प्रथम, बी.एससी, एग्रीकल्चर, प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों मोनू सैनी ने द्वितीय स्थान तथा छात्रा दीक्षा गंगवार और अनुष्का चौधरी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने



प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों समेत अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई ही। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और प्रगतिशीलता पर विचार करने के साथ ही हमें हमारे दायित्वों के प्रति भी प्रेरित करता है। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और उनके विचारों को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राज्य की प्राचीन परंपराओं और आधुनिक उपलब्धियों के बीच एक संतुलन स्थापित करते हुए भविष्य की चुनौतियों का समाधान करने में अपनी भूमिका निभाने की सलाह भी दी। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. वीरेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समझ को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और बौद्धिक क्षमता को भी सशक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक व एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल, आयोजन सचिव डॉ. अक्षिता बिष्ट एवं डॉ. आंचल सिंह समेत स्कूल के अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 2/9 यूपी कम्पनी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 यूपी कम्पनी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी, आईएफटीएम की ओर से जीवनी लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हुकूमत एक्सप्रेस**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में 2/9 यूपी कम्पनी गर्ल्स बटालियन एवं 2/24 यूपी कम्पनी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर जीवनी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि नेता जी का जीवन भारत को आजाद कराने के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 63 विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए-एलएलबी, द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी प्रथम, एम.एससी-मैथमेटिक्स, प्रथम वर्ष की छात्रा ऐश्वर्या द्वितीय तथा बीए, प्रथम वर्ष के हर्षित बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षा व एनसीसी की मेजर प्रो. राजकुमारी सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आजीवन देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को नेता जी के अनुकरणीय योगदान का बोध करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन सचिव व एनसीसी केयर टेकर सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं संयोजक व एनसीसी केयर टेकर शनि कुमार की विशेष भूमिका रही।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**युग बन्धु समाचार**



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से गत वर्ष की भांति नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोग सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का महत्त्व समझें और इनका पूर्णरूप से पालन करें। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक करने की दृष्टि से आयोजित मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह में 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सह समन्वयक व अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. अरुण कुमार मिश्र ने सभी को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न चलाने देने हेतु शपथ दिलाई। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करके वाहन दुघर्टनाओं पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने मानव श्रृंखला समारोह में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का भारत की स्वतंत्रता में दिए गए योगदान को साझा करते हुए उनकी अमरता व भारत माता की जय के नारे भी लगवाये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार, चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरप्रीत सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल, आयोजक डॉ. अशोक कुमार, सह आयोजिका श्रीमती रुचि चैधरी समेत श्री दीपक शर्मा आदि अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। वि0

## आईएफटीएम में हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

# यातायात नियमों का पालन करना हमारी समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी : प्रो. संजीव अग्रवाल



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 मनाए जाने के तहत स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग द्वारा सड़क सुरक्षा के सन्दर्भ में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करना हमारी समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाकर सुरक्षित समाज के निर्माण में अच्छी भूमिका निभाते हैं। छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग के 45 से अधिक विद्यार्थियों ने अत्यंत रूचि के साथ में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी (ऑनर्स) कृषि के छात्र शिवम सिंह और हर्ष भान सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, संजय बाबू और लोकेश ने द्वितीय स्थान और छात्र मोनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. यश पाल सिंह, डॉ. अंजलि त्रिपाठी, डॉ. विनोद कुमार धांगड शामिल थे।

इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. वीरेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और गुड सेमेरिटन योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सड़क सुरक्षा माह के तहत हो रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को यह संदेश भी दिया कि वे न केवल स्वयं, बल्कि अपने परिजनों और अपने सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें।

वहीं कार्यक्रम के समन्वयक व एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु प्ररित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. कुलदीप भार्गव एवं अभय सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आईएफटीएम की ओर से ग्राम नगला बलवीर में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए ग्रामों में से ग्राम नगला बलवीर में जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए सर्दी से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय गोद लिए गए ग्रामों के सतत एवं सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव मदद करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने यह भी बताया कि विगत कई वर्षों से विश्वविद्यालय की ओर से इन गांवों में इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु सैनिटरी पैड्स का वितरण शामिल है। साथ ही किसानों की समस्याओं के निदान हेतु विश्वविद्यालय की ओर से समय-समय पर किसान गोष्ठियों का



आयोजन तथा उन्नत बीजों जैसे धान, गेहूं, सरसों आदि का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं निदेशक साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के प्रो. अरुण कुमार मिश्रा एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहने का आश्वासन भी दिया।

इस कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान 125 कंबल वितरित किए गए। कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान गाँव के कई गनमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# आईएफटीईएम में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के दिशा-निर्देश के अनुपालन में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने एकता, स्थिरता और देश के विविध परिदृश्यों, परंपराओं और इतिहास की खोज को बढ़ावा देने में यात्रा की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने पर्यटन उद्योग में करियर के विभिन्न अवसरों पर भी प्रकाश डाला। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में टीम वर्क, नेतृत्व और प्रबंधन कौशल का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व अपने कौशल को निखारने हेतु प्रोत्साहित भी किया। साथ ही उन्होंने पर्यटन उद्योग के आर्थिक महत्व और इसके विकास में योगदान पर भी चर्चा की। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न विभागों के ४० से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीबीए, प्रथम वर्ष की छात्रा युक्ति आर्या ने प्रथम, एमबीए, द्वितीय वर्ष की छात्रा संजना सागर ने द्वितीय एवं एमबीए, द्वितीय वर्ष की छात्रा तस्मिया खालिद और बीबीए, प्रथम वर्ष की छात्रा मेघा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमैंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सक्सेना शामिल थे। प्रो. यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं व पर्यटन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंत में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आशा व्यक्त की कि आज का यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपना कौशल को निखारने की दिशा में अत्यंत फलदायी सिद्ध होगा। इस दौरान डॉ. निधि चौधरी, अक्षय शर्मा, सुश्री ज्योति सिंह, डॉ. अर्चना कटारिया, मोहित कुमार, सुश्री मोनिका चौहान आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

विधान केसरी मुरादाबाद

# आईएफटीईएम में 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन, कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने किया ध्वजारोहण







**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीईएम विश्वविद्यालय परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण करने के पश्चात एनसीसी केडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति कोठीवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस दिन हमारा देश विश्व मानचित्र पर एक गणतांत्रिक देश के रुप में स्थापित हुआ था, इसलिए हम इस दिन को पूरे हर्षोल्लास तथा धूम-धाम के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। उन्होंने सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, उसका श्रेय निस्संदेह आप सभी को जाता है। साथ ही कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में सभी को अपने कार्य व जिम्मेदारियों का निर्वहन और भी अधिक व्यापक स्तर तथा लगन एवं निष्ठा के साथ करने की सलाह दी।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु शोध, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, सेमिनार और प्रोजेक्ट इत्यादि पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास की ओर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि हम विश्वविद्यालय को शिखर तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। साथ ही उन्होंने आधुनिक परिदृश्य में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार विधा के प्रति जोर देते हुए यह भी कहा कि शिक्षा में आज रोजगारोन्मुख नवाचार की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान दिलाने के क्षेत्र में हम सभी प्रयासरत हैं, ताकि यहां से शिक्षा पूरी करने के उपरांत विद्यार्थी विश्व के अनेक देशों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। एनसीसी की मेजर (प्रो.) राजकुमारी सिंह, केयर टेकर ऑफिसर शनि कुमार एवं केयर टेकर ऑफिसर सुश्री रश्मि पाण्डेय के कुशल निर्देशन में एनसीसी केडेट्स ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। जिसमें परेड कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर नूरे आलम, प्लाटून कमांडर अंडर ऑफिसर स्नेहा यादव का विशेष योगदान रहा। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव समेत समस्त अधिकारीगण, निदेशकगण, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन प्रतिकुलपति एकेडमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी ने किया।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
मंगलवार
28 जनवरी 2025

07

# एकजुटता के साथ सभी करें कार्य : राजीव कोठीवाल



आईएफटीआईएम विवि में सलामी लेते कुलाधिपति राजीव कोठीवाल।

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। भव्य समारोह के बीच विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण कर एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज विवि ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, उसका श्रेय निस्संदेह सभी को जाता है।

इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने विवि की प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत की। कहा कि विवि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। एनसीसी की मेजर प्रो. राजकुमारी सिंह, केयर टेकर ऑफिसर शनि कुमार, रश्मि पांडेय, नूरे आलम, स्नेहा यादव का विशेष योगदान रहा। समारोह का संचालन प्रतिकुलपति एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी ने किया। समारोह में विवि के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, मंजू कोठीवाल, रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में '76वें गणतंत्र दिवस समारोह' का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण करने के पश्चात् एनसीसी केडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति कोठीवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस दिन हमारा देश विश्व मानचित्र पर एक गणतांत्रिक देश के रुप में स्थापित हुआ था, इसलिए हम इस दिन को पूरे हर्षोल्लास तथा धूम-धाम के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। उन्होंने सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय ने



जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, उसका श्रेय निस्संदेह आप सभी को जाता है। साथ ही कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में सभी को अपने कार्य व जिम्मेदारियों का निर्वहन और भी अधिक व्यापक स्तर तथा लगन एवं निष्ठा के साथ करने की सलाह दी। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव समेत समस्त अधिकारीगण, निदेशकगण, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन प्रतिकुलपति एकेडमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी ने किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'व्यक्तित्व विकास' विषय पर आयोजित हुआ वेबिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में "व्यक्तित्व विकास" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए हम सभी को अपने मन और मस्तिष्क में आने वाले नकारात्मक विचारों को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपनाना चाहिए। इस वेबिनार में विश्वविद्याल से बी.टेक, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड इंजीनिय (2008-12) बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में "अवाया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बंगलुरू" में प्रिंसिपल टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर के पद पर कार्यरत श्री जेम्स चरण ने मुख्य वक्ता के रूप में रहे। मुख्य वक्ता श्री चरण ने जूम लिंक के माध्यम से स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ "व्यक्तित्व विकास" विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र के लिए भी व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों जैसे कि सेल्फ कॉन्फिडेंस, सेल्फ अवेयरनेस और कम्युनिकेशन स्किल्स



महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बी.टेक एवं एम.टेक के अलग-अलग ट्रेड में इंजीनियरिंग की उपाधि हासिल करने के बाद बड़ी संख्या में कंपनियों में शैक्षिक योग्यता में दक्ष होने के साथ ही पर्सनालिटी में उत्कृष्ट उम्मीदवारों की जरूरत बढ़ती जा रही है। साथ ही मुख्य वक्ता श्री चरण ने यह भी बताया कि आपके पास हुनर और पर्सनालिटी दोनों होने पर नौकरी करने में परेशानी कम होती है। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने एलुमनस व मुख्य वक्ता श्री चरण की उपलब्धि हेतु उनकी सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने आगे भी इस तरह के आयोजन कराते रहने की बात भी कही। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने वेबिनार के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु मुख्य वक्ता श्री चरण की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि यह वेबिनार प्रतिभागी विद्यार्थियों को लिए अत्यंत लाभदायी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव सुश्री अंखी गुलाटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अमर शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के एलुमनाई सभी कोऑर्डिनेटर्स, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय यादव एवं सिविल अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष गौरव हावडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईएफटीएम में 2/9 कम्पनी यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की ओर से नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन




**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन के क्रम में 2/9 कम्पनी यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करना हमारी समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाकर सुरक्षित समाज के निर्माण में अच्छी भूमिका निभाते हैं। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में 50 एनसीसी की कैडेट्स ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान एनसीसी कौ कैडेट्स ने ह्यह्यनुक्कड़ नाटकह्यह्य के माध्यम से सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करने एवं गाड़ी चलाते समय शराब का सेवन नहीं करने आदि का संदेश किया। इस मौके पर एनसीसी की मेजर व सड़क सुरक्षा की संयोजिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने विजेता कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए सभी अन्य एनसीसी की कैडेट्स का उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीसी की केयर टेकर व आयोजन सचिव सुश्री रश्मि पाण्डेय, केयर टेकर ऑफिसर एवं सह संयोजक श्री शनि कुमार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम में एनसीसी कौ 19 कैडेट्स से अत्यंत रूचि के साथ प्रतिभाग किया।

# आईएफटीईएम में शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व विषय पर आयोजित हुआ अतिथि व्याख्यान



**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) औरस्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के संयुक्त तत्वावधान में :शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यकृम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही लाभान्वित होंगे। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय से 2023 बैच की पूर्व शोधार्थी व वर्तमान में इनवर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली के शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. अर्चना सिंह ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि अध्ययनरत विद्यार्थी अपने विषय का गंभीरता से अध्ययन करने के साथ-साथ उस क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से नई-नई जानकारियां भी जुटाते रहें, ताकि उन्हें अपने करियर को निखारने में सहायता मिल सके। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने एलुमना व एमिनेंट स्पीकर डॉ. सिंह को उनकी सफलता हेतु बधाई देते हुए कहा कि सफल विद्यार्थी अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत की तरह होते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक प्रो. मोहन लाल ह्यआर्यह्ल ने एलुमना डॉ. सिंह को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता से हम सभी की अपार प्रसन्नता होती है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर व संयोजक पुलकित शर्मा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. मंजीता गहलोत की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, शिक्षकों समेत 55 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमर उजाला

मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 30 जनवरी 2025 | 6

# भाषण प्रतियोगिता में अनुज ने मारी बाजी



मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। स्कूल ऑफ साइंसेज, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पर्यावरण मित्र समिति की ओर से यह आयोजन हुआ। 20 से ज्यादा विद्यार्थियों ने इसमें हिस्सा लिया। अनुज कुमार ने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक होते हुए समग्र रूप से काफी प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान मुख्य अतिथि रहे।

पर्यावरण मित्र समिति के महासचिव केके गुप्ता, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बीके सिंह ने भी अपने विचार रखे।

एमएससी रसायन विज्ञान द्वितीय वर्ष के छात्र अनुज कुमार ने प्रथम, एमएससी बॉटनी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियांशी अरोड़ा ने द्वितीय तथा डिप्लोमा मैकेनिकल प्रथम वर्ष के छात्र विपुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ब्यूरो

## आईएफटीएम में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है : आशुतोष चौहान

**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पर्यावरण मित्र समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक होते हुए समग्र रूप से काफी प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अक्सर कल के पथ प्रदर्शक के रूप में जाना जाता है तथा वे अपनी ऊर्जा, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के साथ परिवर्तन लाने के लिए विशिष्ट रूप से तैनात रहते हैं, क्योंकि युवाओं में अलग ढंग से सोचने, प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और



नवीन समाधानों में संलग्न होने की अद्वितीय क्षमता है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान मुख्य अतिथि के रूप में रहे। मुख्य अतिथि श्री चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य व धरोहर बताते हुए कहा कि इनके हाथों में ही स्वच्छ पर्यावरण का दायित्व है। श्री चौहान ने बताया कि आज संपूर्ण विश्व प्रदूषण की समस्या को लेकर अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से लेकर वनों की कटाई तक, प्लास्टिक प्रदूषण से लेकर घटती जैव विविधता तक जैसे मुद्दे तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि चुनौतियों के साथ अवसर भी आते हैं और आज के युवा इस परिवर्तनकारी आंदोलन में सबसे आगे खड़े हैं। पर्यावरण मित्र समिति के महासचिव श्री के.के. गुप्ता ने बताया कि निश्चित ही इस भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि युवा वर्ग ही आज पर्यावरण की समस्या में अपना योगदान देकर आने वाले समय में विश्व को प्रदूषण मुक्त बना सकता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 20 छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर एम.एससी, कैमिस्ट्री, द्वितीय वर्ष के छात्र अनुज कुमार ने प्रथम, एम.एससी, बॉटनी, द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियांशी अरोड़ा ने द्वितीय तथा डिप्लोमा, मैकेनिकल, प्रथम वर्ष के छात्र विपुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें निदेशक प्रो. सिंह द्वारा प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में गणित विभाग के डॉ. राजन सिंह एवं डॉ. रिद्धि गर्ग शामिल थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डॉ. अतुल कुमार, स्कूल ऑफ साइंस के डॉ. अशोक कुमार, सुश्री पायल सिंह, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. तरुण कांति सरकार, सुश्री शुभांगी अग्रवाल एवं रुचि चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन रसायन विभाग की प्रो. सारिका अरोड़ा एवं संचालन प्रोफेसर गणित विभाग की डॉ. निधि तिवारी ने किया।

# विधान केसरी मुरादाबाद

# आईएफटीएम में सेल्स फोर्स प्लेटफॉर्म डेवलपर-1 विषय पर हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ




**मुरादाबाद (विधान केसरी)।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईसीटी एकेडमी, आईक्यूएसी एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में सेल्स फोर्स प्लेटफॉर्म डेवलपर-1 विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, स्कूल की निदेशिका व कार्यक्रम की अध्यक्षा प्रो. निशा अग्रवाल, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राकेश कुमार यादव एवं आईसीटी एकेडमी के रिलेशनशिप मैनेजर सत्येंद्र नारायण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए शिक्षकों का अपग्रेड रहना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को वैश्विक स्तर पर हो रहे नवाचारों से अपडेट रहना चाहिए, ताकि इसका लाभ सीधे तौर पर विद्यार्थियों को मिल सके। प्रो. त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे। आईसीटी के रिलेशनशिप मैनेजर श्री नारायण ने सेल्सफोर्स प्लेटफार्म डेवलपर की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्लाउड कम्प्यूटिंग सहित अनेक कार्यों में इस ऐप की महत्वपूर्ण भूमिका है। आईसीटी के ट्रेनर श्री आदित्य झा ने सभी प्रतिभागियों को इस ऐप का उपयोग करना भी सिखाया। इस मौके पर स्कूल की निदेशिका प्रो. अग्रवाल तथा आईक्यूएसी के निदेशक व कार्यक्रम के संयोजक प्रो. यादव ने बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. यादव ने बताया कि 28 जनवरी से 01 फरवरी तक चलने वाले इस फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम में 37 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रो. यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीकी ज्ञान के बिना हम अधूरे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम में सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे। सह संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने कार्यक्रम का संचालन किया व अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. मेघा भाटिया, डॉ. स्वाति राय समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# आईएफटीएम में 'पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका' विषय पर हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पर्यावरण मित्र समिति के संयुक्त तत्वावधान में ''पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका'' विषय पर एक ''भाषण प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक होते हुए समग्र रूप से काफी प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अक्सर कल के पथ प्रदर्शक के रूप में जाना जाता है तथा वे अपनी ऊर्जा, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के साथ परिवर्तन लाने के लिए विशिष्ट रूप से तैनात रहते हैं, क्योंकि युवाओं में अलग ढंग से सोचने, प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और नवीन समाधानों में संलग्न होने की अद्वितीय क्षमता है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्री आशुतोष चौहान मुख्य अतिथि के रूप में रहे। मुख्य अतिथि श्री चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य व धरोहर बताते हुए कहा कि इनके हाथों में ही स्वच्छ पर्यावरण का दायित्व है। श्री चौहान ने बताया कि



आज संपूर्ण विश्व प्रदूषण की समस्या को लेकर अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से लेकर वनों की कटाई तक, प्लास्टिक प्रदूषण से लेकर घटती जैव विविधता तक जैसे मुद्दे तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि चुनौतियों के साथ अवसर भी आते हैं और आज के युवा इस परिवर्तनकारी आंदोलन में सबसे आगे खड़े हैं। पर्यावरण मित्र समिति के महासचिव श्री के.के. गुप्ता ने बताया कि निश्चित ही इस भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि युवा वर्ग ही आज पर्यावरण की समस्या में अपना योगदान देकर आने वाले समय में विश्व को प्रदूषण मुक्त बना सकता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 20 छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर एम.एससी, कैमिस्ट्री, द्वितीय वर्ष के छात्र अनुज कुमार ने प्रथम, एम.एससी, बॉटनी, द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियांशी अरोड़ा ने द्वितीय तथा डिप्लोमा, मैकेनिकल, प्रथम वर्ष के छात्र विपुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें निदेशक प्रो. सिंह द्वारा प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में गणित विभाग के डॉ. राजन सिंह एवं डॉ. रिद्धि गर्ग शामिल थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डॉ. अतुल कुमार, स्कूल ऑफ साइंस के डॉ. अशोक कुमार, सुश्री पायल सिंह, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. तरुण कांति सरकार, सुश्री शुभांगी अग्रवाल एवं रुचि चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन रसायन विभाग की प्रो. सारिका अरोड़ा एवं संचालन प्रोफेसर गणित विभाग की डॉ. निधि तिवारी ने किया।

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'सेल्स फोर्स प्लेटफॉर्म डेवलपर 1' विषय पर

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईसीटी एकेडमी, आईक्यूएसी एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ''सेल्स फोर्स प्लेटफॉर्म डेवलपर 1'' विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, स्कूल की निदेशिका व कार्यक्रम की अध्यक्षा प्रो. निशा अग्रवाल, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राकेश कुमार यादव एवं आईसीटी एकेडमी के रिलेशनशिप मैनेजर श्री सत्येंद्र नारायण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए शिक्षकों का अपग्रेड रहना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को वैश्विक स्तर पर हो रहे नवाचारों से अपडेट रहना चाहिए, ताकि इसका लाभ सीधे तौर पर विद्यार्थियों को मिल सके। प्रो. त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे। आईसीटी के रिलेशनशिप मैनेजर श्री नारायण ने सेल्सफोर्स प्लेटफार्म डेवलपर की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्लाउड कम्प्यूटिंग सहित अनेक कार्यों में इस ऐप की महत्वपूर्ण भूमिका है। आईसीटी के ट्रेनर श्री आदित्य झा ने सभी प्रतिभागियों को इस ऐप का उपयोग करना भी सिखाया। इस मौके पर स्कूल की निदेशिका प्रो. अग्रवाल तथा आईक्यूएसी के निदेशक व कार्यक्रम के संयोजक प्रो. यादव ने बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. यादव ने बताया कि 28 जनवरी से 01 फरवरी तक चलने वाले इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में 37 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रो. यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीकी ज्ञान के बिना हम अधूरे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम में सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे। सह संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने कार्यक्रम का संचालन किया व अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. मेघा भाटिया, डॉ. स्वाति राय समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।




**खोया-पाया सूचना**

**मेरा हाई स्कूल संस्थागत वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210710120 प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है हिना परवीन पुत्री इरशाद अहमद ग्राम/पोस्ट नींदड़ू तहसील धामपुर जिला बिजनौर।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं०:** 1467 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 07.02.2025
**शिराज अली आदि बनाम जहांगीर हुसैन आदि।**
1. शिराज अली अब्बासी उम्र 22 वर्ष

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'रिसेंट पर्सपेक्टिव्स इन रिसर्च (इंटरडिसिप्लिनरी)' विषय पर आयोजित हो रहे

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विषय विशेषज्ञों ने गुणवत्तापूर्ण शोध पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की ओर से ''रिसेंट पर्सपेक्टिव्स इन रिसर्च (इंटरडिसिप्लिनरी)'' विषय पर दो सप्ताह के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विषय विशेषज्ञों ने गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शोध पर आधारित फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम आयोजित कराना अत्यंत सराहनीय कार्य है। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को शोध कार्य में नई दिशा मिलेगी। फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम में संबोधित करते हुए अलीगढ़ मुस्लिम केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. अर्शी खान ने कहा कि शोध का महत्व आज भी पूरे विश्व में है तथा प्रत्येक व्यक्ति नए-नए विषय को जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि नित नए रोजगार और तकनीक के सृजन हो रहे हैं तथा यह सब निरंतर हो रहे शोध अध्ययन की वजह से ही हो रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. अतवीर सिंह ने शोध के विविध चरणों पर विस्तृत



प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध विषय का चुनाव किस तरह किया जाए। उन्होंने शोध के उद्देश्यों और परिकल्पना, प्रतिदर्श का निर्धारण, शोध समस्या का चयन, शोध विधि, आंकड़ों का संग्रह, विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन तथा संदर्भ सूची सहित अनेक विषयों पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के तीसरे दिन अलीगढ़ मुस्लिम केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. डी.के. गुप्ता ने कहा कि दुनियां का हर व्यक्ति सच जानना चाहता है व सच का पता लगाने की प्रक्रिया ही शोध है, जो कि वैज्ञानिक तरीके से किया गया हो। स्कूल के निदेशक व एफडीपी के संयोजक प्रो. 'आर्य' ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रो. 'आर्य' ने बताया कि यह एफडीपी 10 फरवरी तक चलने वाली इस एफडीपी 200 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री पुलकित शर्मा ने किया। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह संयोजिका डॉ. नेहा शर्मा समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही।